# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

## ई-न्यूज़लेटर

# अक्टूबर 2022




**हिन्दी पखवाड़ा 2022 एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 21 अक्टूबर 2022 को डॉ. पी.डी. वाघेला, अध्यक्ष, भादूविप्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ**

# अनुशंसाएं

**अलग लाइसेंसिंग के माध्यम से अलग-अलग परतों को अनखंडल करने' पर भादूविप्रा की अनुशंसाओं पर दूरसंचार विभाग से प्राप्त दिनांक 02 अगस्त 2022 के पिछले संदर्भ पर भादूविप्रा की प्रतिक्रिया**

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने अपने पत्र दिनांक 02 अगस्त 2022 के माध्यम से सूचित किया कि भादूविप्रा की 19 अगस्त 2021 की अनुशंसाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श के बाद 'विभिन्न लाइसेंसिंग के माध्यम से विभिन्न परतों को सक्षम करने' पर, सरकार प्रथम दृष्टया इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि बाजार में अलग एक्सेस नेटवर्क प्रोवाइडर (एएनपी) लाइसेंस की मांग नहीं होगी। दूरसंचार विभाग ने आगे सूचित किया है कि समान पहलुओं वाले "अवसंरचना प्रदाता श्रेणी-I पंजीकरण के दायरे में वृद्धि" पर भादूविप्रा की अनुशंसाओं की भी दूरसंचार विभाग में जांच की जा रही है।

इसलिए, दूरसंचार विभाग ने सूचित किया है कि "विभिन्न लाइसेंसिंग के माध्यम से विभिन्न परतों को सक्षम करने" पर भादूविप्रा की अनुशंसाओं को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उपरोक्त को देखते हुए, दूरसंचार विभाग ने भादूविप्रा अधिनियम की प्रासंगिक धारा के अनुसार, 'विभिन्न लाइसेंसिंग के माध्यम से विभिन्न परतों को सक्षम करने' पर भादूविप्रा की अनुशंसाओं को पुनर्विचार के लिए पुनःसंदर्भित किया।

परीक्षण के बाद, भादूविप्रा ने पिछले संदर्भ पर अपनी प्रतिक्रिया को अंतिम रूप दे दिया है और उन्हें 06 सितंबर 2022 को दूरसंचार विभाग को भेज दिया है।

https://trai.gov.in/sites/default/files/Response_06092022.pdf

**भादूविप्रा ने 7 सितंबर 2022 को "केबल टीवी सेवाओं में बाजार संरचना/प्रतिस्पर्धा" पर अनुशंसाएँ जारी की हैं:**

भादूविप्रा ने 7 सितंबर 2022 को "केबल टीवी सेवाओं में बाजार संरचना/प्रतिस्पर्धा" पर अनुशंसाएँ जारी की हैं।

अनुशंसाओं की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

वर्तमान में केबल टेलीविजन वितरण क्षेत्र में पर्याप्त प्रतिस्पर्धा को देखते हुए, प्राधिकरण अनुशंसा करता है कि केबल टीवी वितरण क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के स्तर को बढ़ाने हेतु कोई अतिरिक्त नियम लागू करने या कोई सुधारात्मक उपाय करने की कोई आवश्यकता नहीं है। हालांकि, विकास पर नजर रखी जा सकती है, और आवश्यक समझे जाने वाले हस्तक्षेप पर उचित समय पर विचार किया जा सकता है।

प्राधिकरण अनुशंसा करता है कि ब्रॉडबैंड सेवाओं के प्रावधान के अंतिम चरण को सक्षम करने हेतु सरकार दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के साथ स्थानीय केबल ऑपरेटर द्वारा केबल बुनियादी ढांचे को साझा करने को सुविधाजनक बनाने और बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त उपाय कर सकती है। ब्रॉडबैंड कनेक्शन को बढ़ावा देने के लिए टीएसपी द्वारा केबल ऑपरेटर द्वारा बनाए गए बुनियादी ढांचे के उपयोग को सक्षम करने हेतु सरकार मौजूदा नियमों/दिशानिर्देशों में आवश्यक संशोधन जारी कर सकती है।

सरकार निम्नलिखित को स्पष्ट रूप से इंगित करने के लिए केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन), अधिनियम 1995 के तहत नियमों में संशोधन कर सकती है:

> *"केबल ऑपरेटर ब्रॉडबैंड सेवाओं के प्रसार के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और गैर-भेदभावपूर्ण तरीके से एक्सेस सेवा प्रदाताओं/इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को अंतिम चरण तक पहुंच प्रदान करने का प्रयास कर सकते हैं।"*

https://trai.gov.in/sites/default/files/Recommendation_07092022_0.pdf

## परामर्श

**परामर्श के लिए दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवाएं इंटरकनेक्शन (एड्रेसेबल सिस्टम) (चौथा संशोधन) विनियम, 2022 का मसौदा दिनांक 9 सितंबर 2022**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवा इंटरकनेक्शन (एड्रेसेबल सिस्टम) (चौथा संशोधन) विनियम, 2022 का मसौदा जारी किया था। यह मसौदा विनियमन डीआरएम प्रणालियों के लिए विशिष्टताओं से संबंधित है।

डीआरएम डिजिटल मीडिया के कॉपीराइट संरक्षण के लिए एक क्रमबद्ध उपागम है। डीआरएम (डिजीटेल राइट मैनेजमेंट) का उद्देश्य डिजिटल मीडिया के अनधिकृत पुनर्वितरण को रोकना और उपभोक्ताओं द्वारा खरीदी गई सामग्री की प्रतिलिपि बनाने के तरीकों को प्रतिबंधित करना है। डीआरएम उत्पादों को व्यावसायिक रूप से विपणन सामग्री की ऑनलाइन चोरी में में हो रही तेजी से वृद्धि के खिलाफ विकसित किया गया था, जो पीयर-टू-पीयर फाइल एक्सचेंज प्रोग्राम के व्यापक उपयोग के माध्यम से आगे बढ़े। आमतौर पर, डीआरएम को एम्बेडिंग कोड द्वारा कार्यान्वित किया जाता है जो नकल को रोकता है, उस समय अवधि को निर्दिष्ट करता है जिसमें सामग्री तक पहुँचा जा सकता है या उन उपकरणों की संख्या को सीमित करता है जिन पर मीडिया स्थापित किया जा सकता है।


प्राधिकरण ने महसूस किया कि "डिजिटल राइट मैनेजमेंट सिस्टम हेतु सिस्टम आवश्यकताएँ" से संबंधित मुद्दों पर, उद्योग के हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श की आवश्यकता है। तदनुसार, प्राधिकरण ने मसौदा तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए उद्योग के हितधारकों की एक समिति गठित की।

व्यापक विचार-विमर्श के बाद, समिति ने प्राधिकरण को इंटरकनेक्शन विनियमन की अनुसूची III में शामिल करने के लिए "डिजिटल राइट मैनेजमेंट (डीआरएम) हेतु सिस्टम की आवश्यकता" पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसे ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक परामर्श हेतु मसौदा संशोधन जारी किया गया है।

https://trai.gov.in/sites/default/files/CP_09092022.pdf

# ओपन हाउस चर्चा

**भादूविप्रा ने 8 सितंबर 2022 को "प्रसारण और केबल सेवाओं के लिए नए विनियामक ढांचे से संबंधित मुद्दों" के परामर्श पत्र पर एक ओपन हाउस चर्चा (ओएचडी) आयोजित की।**



# घटनाएँ

**भादूविप्रा के अध्ययन एवं अनुसंधान केंद्र ने 12 सितंबर 2022 को निशीथ देसाई एसोसिएट्स के सहयोग से मेटावर्स पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। मेटा के प्रमुख विशेषज्ञों ने मेटावर्स के उन पहलुओं पर चर्चा की जिनके लिए एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाने हेतु नीति और नियामक बनाये जा सकते है।**




**15 सितंबर 2022 को भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीइस) बैच 2019 और 2020 और भारतीय रेडियो नियामक सेवा** (आईआरआरएस) **बैच-2020 के अधिकारी प्रशिक्षुओं के साथ प्राधिकरण की परिचर्चा**





## टेलीकॉम सब्सक्रिप्शन

**31 अगस्त 2022 तक टेलीकॉम सब्सक्रिप्शन डेटा:**

| विवरण | तार रहित | वायरलाइन | संपूर्ण |
|---|---|---|---|
| शहरी टेलीफोन सब्सक्राइबर्स ( मिलियन) | 627.09 | 23.98 | 651.07 |
| ग्रामीण टेलीफोन सब्सक्राइबर्स (मिलियन) | 522.02 | 1.99 | 524.01 |
| **कुल टेलीफोन सब्सक्राइबर्स (मिलियन)** | **1149.11** | **25.97** | **1175.08** |
| कुल टेली-घनत्व (%) | 83.27 | 1.88 | 85.15 |
| शहरी सब्सक्रिप्शन का हिस्सा (%) | 54.57 | 92.35 | 55.41 |
| ग्रामीण सब्सक्रिप्शन का हिस्सा (%) | 45.43 | 7.65 | 44.59 |
| ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर्स की संख्या (मिलियन) | 783.57 | 30.37 | 813.94 |

अगस्त 2022 में व्यस्ततम वीएलआर की तिथि पर सक्रिय वायरलेस सब्सक्राइबर्स की संख्या 1013.46 मिलियन थी।

अगस्त 2022 में एमएनपी के लिए 13.35 मिलियन सब्सक्राइबर अनुरोध किए गए थे। अगस्त 2022 के अंत तक, इसके कार्यान्वयन के बाद से कुल 736.14 मिलियन उपभोक्ताओं ने एमएनपी सुविधा का लाभ उठाया है।

## अन्य जानकारी

**16 सितंबर 2022 को डिजिटल एड्रेसेबल सिस्टम्स (डीएएस) की लेखापरीक्षा के लिए लेखा परीक्षकों (अद्यतित सूची) का पैनल:**

भादूविप्रा ने समय-समय पर डिजिटल एड्रेसेबल सिस्टम को चलाने के लिए लेखा परीक्षकों के पैनल की अद्यतन सूची जारी की है। इस संदर्भ में, भादूविप्रा ने दिनांक की16 सितंबर 2022 को लेखा परीक्षकों के पैनल के लिए अद्यतन सूची जारी की है।

# उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम

**समाज के विभिन्न वर्गों के लिए आयोजित विशेष उपभोक्ता पहुंच कार्यक्रम/उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम निम्नानुसार हैं:**

| क्र.सं. | स्थान | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | रामगढ़ (झारखंड) | 2 सितंबर 2022 |
| 2 | बेंगलुरु (कर्नाटक) | 2 सितंबर 2022 |
| 3 | भोपाल (मध्य प्रदेश) | 7 सितंबर 2022 |
| 4 | बालासिनोर, महिसागर (गुजरात) | 12 सितंबर 2022 |
| 5 | झांसी (उत्तर प्रदेश) | 14 सितंबर 2022 |
| 6 | रत्नागिरी (महाराष्ट्र) | 22 सितंबर 2022 |
| 7 | कोयम्बटूर (तमिलनाडु) | 23 सितंबर 2022 |
| 8 | आमिनगांव, गुवाहाटी (असम) | 27 सितंबर 2022 |
| 9 | अहमदनगर (महाराष्ट्र) | 30 सितंबर 2022 |

# फोटो गैलरी




**क्षेत्रीय कार्यालय, बैंगलोर द्‌वारा 2 सितंबर 2022 को बेंगलुरु (कर्नाटक) में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम**



**7 सितंबर 2022 को क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल द्‌वारा महिला प्रतिभागियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भोपाल (मध्य प्रदेश) में विशेष उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया**




**क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर द्वारा 12 सितंबर 2022 को बालासिनोर, महिसागर, गुजरात में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम**




**क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा 14 सितंबर 2022 को झांसी, उत्तर प्रदेश में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम**






**क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलुरु द्वारा विशेष रूप से आंगनवाड़ी सेविकाओं का विशेष उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम 22 सितंबर 2022 को महाराष्ट्र के रत्नागिरी में आयोजित किया गया**







**23 सितंबर 2022 को तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (टीएनएयू), कोयंबटूर (तमिलनाडु) में किसानों और कृषि छात्रों के लिए विशेष उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम में सचिव, भादूविप्रा, नई दिल्ली ने संबोधित किया**




**क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता द्वारा 27 सितंबर 2022 को अमिनगांव, गुवाहाटी (असम) में आयोजित उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम**




**क्षेत्रीय कार्यालय, बैंगलोर द्वारा 30 सितंबर 2022 को अहमदनगर (महाराष्ट्र) में आयोजित उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम**

*निर्देशों/आदेशों/परामर्श पत्र/रिपोर्ट, सदस्यता डेटा आदि का पूरा विवरण भादूविप्रा की वेबसाइट पर उपलब्ध है।*
*www.trai.gov.in*
*महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, (ओल्ड मिंटो रोड), नई दिल्ली- 110002*
*हम फेसबुक पर भी हैं! हमसे जुड़ें*
*https://www.facebook.com/TRAI/*
*हम ट्विटर पर भी हैं! फॉलो करें ! TRAI@TRAI*